दिनांकः 25.06.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा सांसद ओम बिरला को उम्मीदवार बनाया है। श्री बिरला ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। उधर, विपक्ष ने भी अपने उम्मीदवार के रुप में कांग्रेस सांसद के. सुरेश के नाम की घोषणा की है। के. सुरेश ने भी आज अपना नामांकन भरा। गौरतलब है कि कल लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। इससे पहले, लोकसभा सत्र के दूसरे दिन आज भी नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है।

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने राजस्थान को दो रीजनल पूल से अनावंटित बिजली का कोटा देने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से नई दिल्ली में मुलाकात कर प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस संबंध में आग्रह किया था। इसके बाद ऊर्जा मंत्रालय ने केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को पत्र लिखकर राजस्थान को दक्षिण और पश्चिम रीजन के अनावंटित पूल से 200–200 मेगावाट यानि कुल 400 मेगावाट बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। इस अनावंटित बिजली की आपूर्ति कल से शुरू हो जाएगी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च–स्तरीय समिति की कल पहली बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि समिति की प्राथमिकता विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंताओं तथा सुझावों को जानना है। इसके लिए उनसे बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति विद्यार्थियों की कठिनाइयों और तनाव को कम करने के उद्देश्य से एक मजबूत प्रणाली विकसित करने पर भी विचार कर रही है। सरकार ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की सात सदस्यीय समिति का गठन किया है।

सीबीआई ने राजस्थान, बिहार और गुजरात में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. में कथित अनियमितताओं के पांच मामलों की जांच शुरू कर दी है। जांच ब्यूरो ने राजस्थान में तीन मामले दर्ज किए हैं। वहीं गुजरात और बिहार में नए सिरे से एक–एक मामला दर्ज किया गया है।

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज अफगानिस्तान की टीम ने भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सुबह हुए मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस पद्धति से अफगानिस्तान ने आठ रनों से हरा दिया। सेंट विंसेट के किंग्सटन में हुए इस मुकाबले में जीत के साथ ही अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई है। इनके अलावा तीन अन्य टीमें भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका हैं। सेमीफाइनल में गुरुवार को भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश हुई। भरतपुर में कल करीब एक घंटे तक तेज बरसात हुई। झमाझम हुई बरसात से निचली बस्तियों में जल भराव की समस्या आ गई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। डूंगरपुर जिले में आधी रात तक रिमझिम बरसात जारी रही। कोटा में दिनभर तेज धूप के बाद शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। झालावाड में हल्की बरसात दर्ज की गयी। नीम का थाना में हुई तेज बरसात से लोगों ने गर्मी से निजात पाई। उधर, जोधपुर संभाग के जिलों तथा उत्तरी क्षेत्रों में तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग के अनुसार जैसलमेर में कल पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सर्वाधिक रहा। हनुमानगढ़ में भी पारा 42 डिग्री से ऊपर रहने और उमस के कारण लोग परेशान रहे। राज्य में

सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 33 दशमलव 2 डिग्री भी जैसलमेर में ही दर्ज हुआ। जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं लू भी चली। रात को भी लू का असर कुछ स्थानों पर महसूस हुआ। विभाग ने आगामी 48 घंटों के दौरान जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी।